# विश्व शौचालय दिवस रिपोर्ट
## 19 नवम्बर 2014
## अलीराजपुर







## सर्व हितैषी शिक्षण समिति,

49,शिद्वेश्वर कालोनी, झाबुआ–457661

मो. 09770295890 ईमेलः jhabuasarvahitaishi@gmail.com

**कार्यक्रम के बारे में:** कार्यक्रम सुबह 11 बजे से जनपद पंचायत भवन अलीराजपुर मे प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में अलीराजपुर विघायक श्री नागर सिह चौहान, जोबट विघालक श्री माधौसिंह डावर जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमरसिह बघेल, सभी विकासखण्ड के बी.आर.सी., सभी जनपद सी.ई.ओ., महिला बाल विकास विभाग एवं पी.एच.ई. के अधिकारी उपस्थित थे।

## अनुभवो का किया आदान प्रदानः



कार्यक्रम मे उपस्थित सभी विकासखण्डो के खण्ड स्त्रोत समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, प्रधान अध्यापक, आगनवाडी कार्यकर्ताओ, जल संसाधन विभाग, प्रस्तावित निर्मल ग्राम पंचायतो के सरपंच अपने द्वारा किये जा रहे स्वच्छता के कार्यो के बारे मे अपने अनुभव बताये। कार्यक्रम मे एम.पी. टास्ट के डी.पी.सी. ने भी अपने विचार रखे। च. शे. आजाद नगर के खण्ड स्त्रोत समन्वयक श्री सिंग, अलीराजपुर के खण्ड स्त्रोत समन्वयक श्री दुबे, जनपद पंचायत अलीराजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शर्मा, जन अभियान परिषद के श्री आर्य ने स्वच्छता जीवन मे क्यो महम्वपूर्ण है इस पर विस्तार से बताया।




आगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती अकीला खॉन व श्रीमती मनोरमा तोमर ने बच्चो को स्वच्छ रखने तरीको एवं आगनवाडी चलो अभियान के बारे मे जानकारी दी। पी.एच.ई के कर्मचारियो ने नल जल योजना के बारे मे बताया। इस अवसर पर सभी विकासखण्डो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम मे सभी विकासखण्डो के व्लॉक समन्वयक श्री सईद मंसूरी, श्री गमरसिह चौहान, श्री मोनू सिह चौहान, श्री गमसिह मेढा, श्री शिवराम मण्डालोई, श्रीमती पुष्पा कटारा उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल एवं आगनवाडी का स्वच्छता के लिए उत्साहवर्धन भी किया गया। आभार श्री दुबे ने माना। कार्यक्रम मे सोण्डवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत वालपुर के सरपंच श्री जयपाल खरत ने स्वच्छता की दिशा मे किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला।

## जनप्रतिनिधियो ने कहाः

स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाना है– श्री चौहान विधायक अलीराजपुरः स्वच्छता का कार्य आज पूरे भारत मे चल रहा है। प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री जी जगह जगह इसको लेकर कार्यक्रम व जागरूकता का कार्य कर रहे है। हम सबको मिलकर पूरे अलीराजपुर को स्वच्छ बनाकर इसे जन आन्दोलन का रूप देना होगा। यह बात विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित अनुभव आदान प्रदान

कार्यशाला में अलीराजपुर विधायक श्री नागरसिंह चौहान ने कही। पहले जब बच्चे अपने ही स्कूल की कक्षा में साफ सफाई करते थे तो मीडिया उन स्कूलो की शिकायत करता था पर आज सभी विभाग के अधिकारी ही अपने कार्यालय एवं क्षेत्रो मे स्वच्छता के कार्यक्रमो मे शामिल होकर सफाई करते है सभी को स्वच्छता के अभियान के साथ जुडकर इसे जन आन्दोलन बनाना होगा तभी हम स्वच्छता के मापदण्डो को पूरा कर पायेगे।



गॉवों को स्वच्छ करने की जिम्मेदारी सभी को लेना होगी– श्री डावर, विधायक जोवट ने कहाः

प्रत्येक व्यक्ति को अपने गॉव अपने शहर के लिए स्वयं जिम्मेदारी लेना होगी और स्वयं का कर्तवय समझकर कार्य करना होगा तब हम निश्चित ही अलीराजपुर को स्वच्छ बना पायेगे श्री डावर ने कहा कि आप शौचालय का निर्माण करो हम राशी कि कमी नही आने देगे। आज यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि अलीराजपुर जिले मे पहली बार शैचालय दिवस मनाया जा रहा है।



अधिक से अधिक लोगो को शौचालय बनाकर उपयोग के लिए प्रेरित करे–श्री बघेल, जिला पंचायत सी.ई.ओ.

कार्यक्रम को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमर सिंह बघेल ने भी संबोधित किया। श्री बघेल ने कहा कि विश्व शौचालय दिवस पर हम सभी को शौचालय की उपयोगिता समझना होगी और शौचालय का उपयोग नही करने बाले लोगो को जागरूक करना होगा ताकि अधिक से अधिक लोग शौचालय का उपयोग प्रारम्भ करें। हम सभी को आज के दिन स्वच्छता का संकल्प लेना होगा।




निर्मल भारत अभियान की जिला समन्वयक श्रीमती राधा बडोले ने सम्बोधित किया। उन्होने उपस्थित कर्मचारियों एवं ब्लॉक समन्वयको से अधिक से अधिक शौचालय बनाकर उपयोग करने की अपील की।

**सम्मान एवं पुरूस्कार वितरणः** कार्यक्रम में अलीराजपुर जिले की कुल 6 स्कूल, 6 ऑगनवाडी, 4 राजमिस्त्री एवं 4 स्वयंसेवको को पुरूस्कृत किया गया।

| **स्कूल** | | |
|---|---|---|
| **क.** | **स्कूल का नाम** | **विकासखण्ड** |
| 1 | उच्चतर माध्यमिक विघालय कठ्ठीबाडा | कठ्ठीबाडा |
| 2 | कन्या माध्यमिक विघालय छकतला | सोण्डवा |
| 3 | मा. विघालय छोटी मालपुर | च.शे. आजाद नगर भाबरा |
| 4 | कन्या उच्चतर माध्यमिक विघालय जोबट | जोबट |
| 5 | माघ्यमिक विघालय टेमाची | उदयगढ |
| 6 | माघ्यमिक विघालय मायाला | अलीराजपुर |

| **आगनबाडी** | | |
|---|---|---|
| **क.** | **आगनबाडी का नाम** | **विकासखण्ड** |
| 1 | ध्याना | कठ्ठीबाडा |
| 2 | बेहडवी फलिया ओझड | सोण्डवा |
| 3 | जमरा फलिया मेंढा | च.शे. आजाद नगर भाबरा |
| 4 | भूसादड फलिया कन्दा | जोबट |
| 5 | झेतु फलिया उदयगढ | उदयगढ |
| 6 | हरसवाट | अलीराजपुर |

| **राजमिस्त्री** | | | |
|---|---|---|---|
| **क.** | **राजमिस्त्री एवं गॉव का नाम** | **विकासखण्ड** | **शौचायलयो का निर्माण किया** |
| 1 | दूरसिंह सहदिया, हवेलीखेडा | कठ्ठीबाडा | 410 |
| 2 | कारसिंह, बालपुर | सोण्डवा | 150 |
| 3 | मकनसिंह भारता, छोटीमालपुर | च.शे. आजाद नगर भाबरा | 425 |
| 4 | — | जोबट | — |
| 5 | — | उदयगढ | — |
| 6 | झेतू केरिया, आम्बुआ | अलीराजपुर | 385 |

| **स्वयंसेवक** | | |
|---|---|---|
| **क.** | **स्वयंसेवक एवं गॉव का नाम** | **विकासखण्ड** |
| 1 | सुनील कनेश, हवेलीखेडा | कठ्ठीबाडा |
| 2 | प्रकाश भायला, वालपुर | सोण्डवा |
| 3 | महेश देवा | च.शे. आजाद नगर भाबरा |
| 4 | — | जोबट |
| 5 | — | उदयगढ |
| 6 | राजू करमसिंह, आम्वुआ | अलीराजपुर |



आगनवाडी कार्यकर्ता को सम्मनित करते विधायक



राजमिस्त्री को सम्मनित करते विधायक



शिक्षकों कार्यकर्ता को सम्मनित करते विधायक



स्वयंसेवको को कार्यकर्ता को सम्मनित करते विधायक



चौथा संसार 05

मंगलवार, 18 नवम्बर 2014

## विश्व शौचालय दिवस पर कार्यक्रम कल

आलीराजपुर, (निप्र)। जिला स्तर पर जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत अलीराजपुर के सभाकक्ष में 19 नवम्बर 2014 बुधवार को प्रातः 11 बजे विश्व शौचालय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमर सिंह बघेल ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड से एक आंगनवाडी, एक स्कूल, एक श्रेष्ठ राजमिस्त्री व एक स्वयंसेवक को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्वन्ध में महिला बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत ब्लॉक समन्वयक व खण्ड स्त्रोत समन्वयक से नामांकन मांगे गए है। कार्यक्रम में कलेक्टर शेखर वर्मा,डीपीसी सर्वपिक्षा अभियान सहित जिला स्तर के प्रमुख अधिकारी व सभी विकासखण्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व खण्ड स्त्रोत समन्वयक जन-अभियान परिषद, पी.एच.ई., परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिषन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम जिला पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन, एम.पी. ट्रस्ट व सहयोगी संस्था सर्व हितैषी शिक्षण समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।



दैनिक भास्कर

आलीराजपुर

## आंगनवाड़ी, स्कूल व राज मिस्त्री होंगे सम्मानित

आलीराजपुर| 19 नवंबर को प्रातः 11 बजे विश्व शौचालय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमरसिंह बघेल ने बताया इस दौरान स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक आंगनवाड़ी, एक स्कूल, एक श्रेष्ठ राजमिस्त्री व एक स्वयंसेवक को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग, जनपद पंचायत ब्लॉक समन्वयक व खंड स्त्रोत समन्वयक से नामांकन मांगे गए हैं। यह आयोजन जिला पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन, एमपी ट्रस्ट व सहयोगी संस्था सर्व हितैषी शिक्षण समिति द्वारा